भारत सरकार

वस्त्र मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 2189

25 अप्रैल, 2012 को उत्तर दिए जाने के लिए

भारतीय कपास की मांग में वृद्धि

2189. श्रीमती गुन्डु सुधारानी:

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि भारत विश्व में कपास का सबसे बड़ा उत्पादक बन गया है;

(ख) क्या पाकिस्तान और चीन में भारी बाढ़ आने की वजह से अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में भारतीय कपास की मांग बहुत ज्यादा है;

(ग) यदि हां, तो इस लाभकारी स्थिति का ज्यादा फायदा भारतीय कपास किसानों को मिल सके इसके लिए उनका मंत्रालय क्या-क्या प्रयास कर रहा है; और

(घ) प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (टी यू एफ एस) के अंतर्गत कपास किसानों को ज्यादा से ज्यादा ऋण उपलब्ध करवाकर उन्हें चीन, पाकिस्तान, बांग्लादेश आदि जैसे देशों में अपने समकक्ष किसानों से आगे रखने के लिए उनका मंत्ालय क्या-क्या प्रयास कर रहा है?

<u>उत्तर</u>

<u>वस्त्र मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती पनबाका लक्ष्मी)</u>

(क): भारत, संयुक्त राज्य अमरीका के बाद दूसरा सबसे बड़ा कपास उत्पादक है ।

(ख): भारतीय कपास की, उच्च गुणवत्ता और लागत प्रतिस्पर्द्धा क्षमता की वजह से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में ज्यादा मांग है ।

(ग): भारत सरकार ने डीजीएफटी के दिनांक 12 मार्च, 2012 के सं. 106(आरई-2010)/2009-14 द्वारा कपास के निर्यातों को खुले सामान्य लाइसेंस के अधीन रख दिया है ।

(घ): सरकार ने समग्र 11वीं पंचवर्षीय योजना में 1,50,000 करोड़ रु. का अतिरिक्त निवेश उत्प्रेरित करने के लिए टीयूएफएस सब्सिडी आबंटन को 8000 करोड़ रु. से बढ़ाकर 15404 करोड़ रु. कर दिया है ।